रामानुजन महाविद्यालय
नैक द्वारा मान्यता प्राप्त ग्रेड ए++(३. ७१)
दिल्ली विश्वविद्यालय
सी आर पार्क, मुख्य सड़क, ब्लॉक एच,
कालकाजी, नई दिल्ली–११००१९, भारत
आई. एस. ओ० ९००१:२००८ प्रमाणित संगठन

RAMANUJAN COLLEGE
Accredited Grade 'A++(3.71)' by NAAC
University of Delhi
C.R. Park Main Road, Block H
Kalkaji, New Delhi- 110019, India
ISO 9001:2008 Certified Organisation

दीपोत्सव मेला 2024

रामानुजन महाविद्यालय के पावन प्रांगण में भारतीय संस्कृति के प्रमुख पर्व ***'दीपोत्सव मेला 2024'*** को भव्यता के साथ दिनांक 23 अक्टूबर को मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया है। संस्था के मुखिया प्रोफेसर रसालसिंह के साथ वरिष्ठ शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के कुलगीत का सस्वर सामूहिक रूप से गाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रसाल सिंह ने वक्तव्य देते हुए कहा कि परंपरा का सम्मान और नए प्रयोग का संयोग इस दीपोत्सव की मुख्य विशेषता है।आगे उन्होंने कहा कि इससे संस्था, समाज और देश आगे बढ़ता है और दीपोत्सव को आनंद, उल्लास और उत्सवधर्मिता के रूप में मनाया जाना चाहिए। इसी के साथ उन्होंने विद्यार्थियों के साथ - साथ शिक्षकों के आंतरिक प्रतिभाओं को उभारने और निखारने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों को सतत रूप से जारी रखने की बात भी कहीं।

उन्होंने अंत में सुंदर आयोजन के लिए सभी को हार्दिक बधाई दिया। इस कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण रंगोली, लाइव पेंटिंग, चित्र प्रदर्शनी आदि परंपरा और आधुनिकता को जोड़ने के प्रयास रूप में किया किया गया। इसके बाद शिवरंजनी समिति ने सुमधुर गीत प्रस्तुत कर शमा बांध दिया गया और सुंदर नृत्य प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। योग के विद्यार्थियों के द्वारा योग कौशल का भी बेहतरीन प्रदर्शन किया गया।

प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप दिवाली ।

उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में प्रो. मीना शर्मा, सांस्कृतिक समिति की संयोजिका डॉ. रुचिका बल, प्रो. मधु कौशिक, डॉ. बृजेश, डॉ. राहुल सिंह के साथ अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे। मंच संचालन हिंदी विभाग के डॉ. हिरण्य हिमकर ने किया। भूमिका में उन्होंने बताया कि यह पर्व आज प्रेम और सौहार्द के प्रतीक रूप में उमंग और उत्सवधर्मिता के साथ मिलजुल कर खुशी मनाने के अवसर के रूप में मनाया जा रहा है। अपराह्न समय गरबा नृत्य का सामूहिक रूप से प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक समिति की संयोजिका का **श्रीमति** रुचिका बल ने सभी का हार्दिक धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।